# श्री धन्वंतरि जेनेरिक मेडिकल स्टोर में उपलब्ध दवाओं की मूल्य सूची पुस्तिका का विमोचन

## चर्चा में क्यों?

26 जनवरी, 2022 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में नगर निगम, रायपुर के अंतर्गत संचालित श्री धन्वंतरि जेनेरिक मेडिकल स्टोर की दवाई रेट लिस्ट एवं मेडिकल आइटम सूची का विमोचन किया।

## प्रमुख बिंदु

- श्री धन्वंतरि जेनेरिक मेडिकल स्टोर की बुकलेट में रायपुर नगर निगम क्षेत्र में संचालित सभी जेनेरिक मेडिकल दुकानों के पूरे पते सहित किस बीमारी के इलाज के लिये कौन-सी दवाई व सामान उपलब्ध होगा, इस संबंध में आसान भाषा में जानकारी दी गई है।
- बीमारी से संबंधित दवाई का प्रकार, दवाई का नाम, एमआरपी मूल्य और छूट देने के बाद दवा की कीमत को चार्ट के माध्यम से बुकलेट में प्रदर्शित किया गया है। साथ ही गूगल मैप के द्वारा श्री धन्वंतरि जेनेरिक मेडिकल स्टोर का पता खोजने और मेडिकल स्टोर हेल्पलाइन संबंधित जानकारी के साथ ही जिन फार्मा कंपनियों की दवाई और मेडिकल सामान यहाँ उपलब्ध रहेंगे, उनके नाम भी सूचीबद्ध किये गए हैं।
- उल्लेखनीय है कि लोगों को सस्ती दरों में दवाई उपलब्ध कराने के लिये छत्तीसगढ़ सरकार ने रायपुर समेत प्रदेश के कई स्थानों में श्री धन्वंतरि जेनेरिक मेडिकल स्टोर की शुरुआत की है।
- नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा संचालित श्री धन्वंतरि जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना में 251 प्रकार की जेनेरिक दवाइयाँ तथा 27 सर्जिकल उत्पाद की बिक्री अनिवार्य रखी गई है। इसके अलावा वन विभाग के संजीवनी के उत्पाद, सौंदर्य प्रसाधन उत्पाद और शिशु आहार आदि के विक्रय का भी प्रावधान है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/price-list-booklet-of-medicines-available-at-shree-dhanwantri-generic-medical-store-released